**खबर संक्षेप**

### हनुमान जयंती पर जगह-जगह मंदिरों में हो रही हैं भव्य तैयारियाँ

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत कई मंदिरों में हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम की तैयारी चल रही हैं जिसमें सबसे पुराना मंदिर दक्षिणी मुखी हनुमान मंदिर बड चौराहा जो की सिद्ध मंदिर में जाना जाता है यहां पर हर शनिवार एवं मंगलवार को विशेष तौर पर पूजा करने के लिए श्रद्धालु आते हैं इसी तरह बालाई नदी के किनारे दुर्गा व्यायाम शाला में हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई है जिसमें व्यायाम साल के पहलवानो द्वारा हर मंगलवार पूजा अर्चना की जाती है इस वर्ष भी हनुमान जयंती पर विशाल भंडारा एवं विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी बस स्टैंड नारायणगंज में पिपलेश्वर हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है जहां पर हर मंगलवार विशाल भंडारे का आयोजन नवयुवक लड़कों द्वारा हनुमान जी के मंदिर में हर मंगलवार को हनुमान चालीसा आरती एवं विशाल भंडारा किया जाता है हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन नवयुवा के लड़कों द्वारा किया जाएगा इसी तरह हितकारिणी मंदिर नारायणगंज में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में जोर-शोर से तैयारी जारी हैं हनुमान मंदिर चौराहा जो कि कई वर्षों से यहां पर लगातार हनुमान जयंती पर सुंदरकांड का आयोजन एवं विशाल भंडारा किया जाता है प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम की तैयारी हो रही है थाना टिकरिया में पीपल के नीचे स्थापित हनुमान मंदिर का नया मंदिर बनाया गया है जिसमें हनुमान जी की भव्य मूर्ति स्थापित हनुमान जयंती पर की जाएगी तीन दिवसीय कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें विशाल भंडारा एवं मूर्ति स्थापित कर कलश यात्रा निकाली जाएगी आसपास के हनुमान मंदिरों में भी हनुमान जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है।

**विवाह योजना के दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करें : सम्पतिया उइके**

# मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना की हुई समीक्षा

*** सांसद कुलस्ते ने लिया तैयारियों का जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने गुरूवार को सर्किटहाउस मंडला में मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल 2025 को ग्राम पंचायत टिकरवारा में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आगमन होगा। उन्होंने इसकी व्यापक तैयारियाँ पूर्ण करने के निर्देश दिए। आयोजित बैठक में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री विनोद मरावी सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में वर-वधुओं का चयन कर विवाह/निकाह कार्यक्रम पंडित, काजी, भुमकाओं से संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को विवाह/निकाह स्थल पर व्यापक तैयारियां करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में पहुंचे आगंतुकों के लिए भोजन, बैठक, मनोरंजन एवं पेयजल का भी व्यापक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों से वर-वधुओं का चयन कर उन्हें कार्यक्रम स्थल में अनिवार्य रूप से लेकर आएं। मुख्यमंत्री विवाह/निकाह स्थल पर आगमन एवं प्रस्थान मार्ग पृथक-पृथक होना चाहिए जिससे किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।



मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना में विद्युत व्यवस्था का भी बेहतर प्रबंध करने को कहा। वर-वधुओं की वेशभूषा का चयन गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल में साज-सज्जा, बारात की तैयारियां, शहनाई, बाजे इत्यादि की तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा के प्रबंध, टेंट व्यवस्था, भोजन का प्रबंध सहित व्यापक तैयारियां करने को कहा। जिससे मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह/निकाह योजना का व्यापक प्रसार-प्रसार करें। जिससे आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर इसे सफल बना सकें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सफलतापूर्वक करने को कहा। बारात आगमन व अगुवाई की व्यवस्था सुनिश्चित ढंग से करने के निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकगीत, लोकनृत्य, कलश यात्रा, चैक वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित ढंग से करने को कहा गया। उन्होंने जिले को गौरवान्वित करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिए।

## मण्डला में महावीर जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी श्री महावीर भगवान के 2624 वे जन्मोत्सव के अवसर पर समस्त जैन श्रावक क्षाविकाओं ने बड़े हर्षोल्ल्लास के साथ श्री जी की शोभा यात्रा शांतिनाथ मंदिर जी से बसस्टैंड रेडक्रास चिलमन चौक बड चौराह उदय चौक कबीर चौक से बुधवारी क्षी महावीर मंदिर श्री पाश्वनाथ मंदिर जी से पुनः श्री शांति नाथ मंदिर जी पहुंची जगह जगह श्री जी का दान दर्शन आरती समाज द्वारा किया गया। पश्चात वात्सल्य भोज समाज द्वारा किया गया। दोपहर में 3 बजे से भगवान का मस्ताभिषेक शांतिधारा आरती दीपक से की गई रात्रि में श्री भक्तामर जी पाठ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवान का जन्मोत्सव का पालना झुलाया गया बच्चों व बड ने बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। सभी कमेटियों का हर कार्य में सहयोग रहा

श्री शांतिनाथ मंदिर जी पडाव से सुबह 8 बजे वाहन रैली निकाली गई जो शहर से नेहरू स्मारक रपटा होते हुए सभी जैन श्रद्धालुगण श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी महाराजपुर पहुंचे 9/4/2025 को विश्व में णमोकार महामंत्र दिवस के नाम से घोषित किया गया है। श्रावक श्राविकाए सभी कमेटियों ने भी अनुशासन के साथ शोभायात्रा आंगन तिराहा महाराजपुर से होते हुए मंदिर जी पहुंचे जगह जगह भगवान की भक्ति भजन णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। साथ ही भगवान के जयकारे नारे लगाए गए। श्री महावीर जयंती जन्म कल्याणक के अवसर पर दिनांक 10 अप्रैल को प्रातः7.30 बजे से श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी से भगवान की शोभायात्रा शहर के मुख्य मुख्य स्थान से श्री पाश्वनाथ मंदिर जी श्री महावीर मंदिर जी से होते हुए पडाव जैन मंदिर पहुंची। दोपहर में भगवान का जन्माभिषेक पश्चात रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पालना झुलाने का कार्यक्रम आदि सुंदर प्रस्तुति बच्चों व बड़ों द्वारा होगी। संगीतमय भजन संध्या भव्य महाआरती और दीपकों से मंदिर को सुसज्जित किया गया।



## जिला प्रशासन ने किया क्रिकेटर शुचि उपाध्याय का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी शुचि उपाध्याय को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। श्रीलंका में आयोजित होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए 15 खिलाड़ियों की बीसीसीआई की ओर से अधिकारिक घोषणा के बाद शुचि पहली बार मण्डला आई थी। जिला प्रशासन की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने पौधा भेंट कर शुचि का स्वागत किया। इसके बाद उन्हें मण्डला की प्रसिद्ध गोंड़ी पेंटिंग देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री कूमट ने कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव का विषय है कि जिले की बेटी आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए खेलने हेतु चयनित हुई है। उन्होने शुचि से चर्चा करते हुए कहा कि यह आपके कैरियर की शुरुआत है अभी आपको बहुत लंबा रास्ता तय करना है।

प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयनित खिलाड़ी शुचि उपाध्याय का बुधवार को मंडला आगमन होने पर उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। उन्होंने शुचि उपाध्याय का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी मोबाईल पर शुचि उपाध्याय से बात की और उन्हें इस सफलता पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

**लूटपाट** | **भ्रष्टाचारियों पर नहीं कर पा रहा प्रशासन कार्यवाही**

# अल्प बचत के नाम पर करोड़ों का घोटाला

*** जमाकर्ता पैसे-पैसे को हो रहे मोहताज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जिले के विभिन्न विभागों के वे कर्मचारी जिन्हें यह ज्ञात था कि पेंशन के नाम पर उन्हें बहुत कम राशि मिलेगी लिहाजा उन्होंने अपने जीवन काल में अपना काट-काटकर बचत की और उस बचत को अल्प बचत सहकारी समिति में जमा कराया। कुछ बचतकर्ताओं ने तो एफडी भी लाखों रूपये की कराई थी ताकि जब वे सेवानिवृत्त हों तो उनके बच्चों की शादी एवं घर बनाने के लिये यह पैसा ब्याज सहित उन्हें प्राप्त हो लेकिन दुर्भाग्य देखिये कि ब्याज तो दूर उन्हें अपनी बचत का पैसा भी मिलता नहीं नजर आ रहा।

सहकारी बैंक के मार्गदर्शन पर बनी अल्प बचत सहकारी समिति में कार्यरत कर्मचारियों ने एवं सहकारी बैंक के कथित माफियाओं ने इस मेहनत से जमा की गई पूंजी पर ऐसा डांका डाला कि अब यह राशि कहां है कितनी जमा है किसी को कुछ भी मालूम नहीं।



समिति ने आरबीआई के नियमों को दरकिनार कर जो राशि कर्मचारियों द्वारा जमा कराई गई थी उसे ऋण के रूप में स्वयं ही ले लिया और लाखों रूपये बंदर-बांट कर दिये। बिना किसी गारंटी के एवं बिना दस्तावेजों के जो ऋण बांटे गये उनकी वसूली नहीं हो सकी और तो और समिति में काम कर रहे लोगों का वेतन भी इसी पैसे की कमाई पर निर्भर था जब पैसे का ही कुछ पता नहीं तो फिर वेतन कहां से और कैसें मिल रहा था यह भी जांच का विषय है।

समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की गैंग ने जो करोड़ों रूपये जमा था उससे बंदर-बांट कर दिया अब स्थिति यह है कि जिनका पैसा जमा था वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। किसी को गंभीर बीमारी ने जकड़ रखा है लेकिन वे ईलाज करा पाने में असमर्थ हैं, किसी के बच्चों की पढ़ाई पैसे न होने से छूट गई है, महज कुछ सौ रूपयों की पेंशन पर जैसे-तैसे दो वक्त की रोटी ही मिल पा रही है।

बचत के नाम पर करोड़ों रूपये हजम करने वाले आज ईमानदार बने शहर में न केवल घूम रहे हैं बल्कि जिम्मेदार नागरिक कहला रहे हैं दूसरी ओर जिनका पैसा गया है वे बेचारे अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो चुके हैं। प्रशासन है कि कोई भी कार्यवाही या तो कर नहीं पा रहा या फिर पहले की तरह करने की सोच नहीं है। अब जबकि मीडिया का भी दबाव लगातार बनता जा रहा है लिहाजा दोषी अधिकारी, कर्मचारियों पर एफआईआर करने की बात कही जा रही है लेकिन यह कब दर्ज होगी, किस पर होगी और दर्ज होने के बाद क्या वसूली की कार्यवाही भी की जायेगी यह एक बड़ा प्रश्न है।



### रात के समय पैदल जाने वाले भक्तों के लिये पैदा हो जाता है खतरा, प्रशासन के साथ साथ जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को गंभीरता से ध्यान देने की महसूस की जा रही जरूरत...?

# नर्मदा मार्गों पर भारी वाहनों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाये जाने की उठ रही मांग

गाडरवारा







हमारे क्षेत्र के सौभाग्य है कि गाडरवारा तहसील से माँ नर्मदा का निकलना हुआ है, जिसके चलते हमारे क्षेत्र को बडी बड़ी मुश्वितों से माँ नर्मदा सदा ही रक्षा करती चली आ रही है। मॉ नर्मदाजी मे गाडरवारा क्षेत्र की ही नही बल्कि पूरा भारत वर्ष के श्रद्धालुओं की असीम आस्था है। मगर देखा जा रहा है के माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर सरकार द्वारा की जाने वाली सभी घोषणाये मात्र एक दिखाबा साबित होने से नही चूक पाती है तो दूसरी ओर नर्मदा के लिये पैदल जाने वाले भक्तों का जीवन भी असुरक्षित महसूस किये जाने लगा है। हर माह पूर्णिमा के अवसर पर देखा जाता है कि जहां नर्मदाजी के हर घाट पर भक्तों का मेला लग जाता है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पहले से ही क्षेत्र की सड़को से जहां सैकड़ो संख्या में भक्त सरे भरते हुये नर्मदा के लिये निकलते है तो दूसरी ओर पूर्णिमा के पूर्व रात्रि का महौल तो इस तरह से देखने मिलता है कि नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो पर मानो जन सैलाब समाने का नाम ही नही लेता है। इस स्थिति में निश्चित तौर से नर्मदाजी के लिये पहुंचने वाले मार्गो से जिस तरह रात भर भारी भरकम डम्फरों की धमाचौकड़ी रहने के कारण इन भक्तों के लिये खतरा पैदा होने से नही चूक पाता है? इस बात की सच्चाई बीते हुये कुछ वर्ष पहले उस समय देखने मिल भी चुकी है जब केकरा घाट सरे भरते हुये जा रही भक्तों के ऊपर एक वाहन के चढ़ जाने के कारण उनकी जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पाई थी? इसी बात को ध्यान में रखते हुये नर्मदा भक्तों द्वारा शासन प्रशासन के साथ साथ क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से मांग की जा रही है कि हर माह यानि की पूर्णिमा के पूर्व रात्रि पर नर्मदा की ओर जाने वाले मुख्य मार्गो पर भारी भरकम वाहनों में मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर एक रात के लिये प्रतिबंध लगना चाहिये। क्योंकि कल वैशाख शुभारंभ तथा हनुमान प्रकटोत्सव व स्नान दान पूर्णिमा के चलते निश्चित ही आज शुक्रवार की रात को माँ नर्मदाजी की ओर जाने वाले मार्गो पर पैदल जाने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूक पायेगी। इसलिये आज की रात जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों नर्मदा भक्तों द्वारा अपेक्षा जताई गई है कि आज रात नर्मदाजी की ओर जाने वाली सभी मार्ग पर रात्रि के समय भारी वाहन मुख्य रूप से डम्फरों की धमाचौकड़ी पर रोक लगाने के आदेश देना चाहिये। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है सरकार द्वारा माँ नर्मदाजी के संरक्षण को लेकर आये दिन बड़ी बडी घोषणाये तो की जाती है। मगर उन पर अमल नही होने के कारण माँ नर्मदा लगातार प्रदूषित होने से नही बच पा रही है। यह बात अलग है कि माँ नर्मद क्षेत्र के हर तबके के लोग मॉ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए क्या क्या कर रहे है यह बात सभी जानते है। मगर आये दिन क्षेत्र की पावन माँ नर्मदा को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए लोगों द्वारा जहां सफाई अभियान चलाते हुए उसे प्रदूषण व गंदगी से मुक्त किया जा रहा है। वही कुछ लोग इस प्रकार के भी देखे जाते है जो माँ नर्मदा की कृपा से अपना जीवन संभार रहे है जिसके चलत जहां प्रतिवर्ष सैकड़ो लोगों द्वारा माँ नर्मदा की नंगे पैर परिक्रमा करते हुए सुबह शाम जहां माँ नर्मदा की आरती व पूजन करने के साथ साथ हर माह अमावस्या व पूर्णिमा के अवसर पर माँ नर्मदाजी की शरण में सरे भरने से लेकर नंगे पैर पैदल पहुंचते है। इस प्रकार से आस्थावान लोगों के चलते माँ नर्मदा के हर घाटों पर मेले का स्वरूप देखने मिलता है और वही दूसरी ओर कुछ लोग इस प्रकार से भी होते है जो माँ नर्मदाजी में गंदगी फैलाने से नही चूकते है? कुछ लोगों को इस प्रकार से भी देखा जाता है जिनके मुंह मे राम बगल मे छुरी बाली कहावत को चरितार्थ करने में भी कोई कसर नही छोड़ते है..? जिनका मॉ नर्मदा में पूजन करने का तरीका भी अनोखा होता है जो अपने घर की पूजन हवन सामग्री सहित अन्य सामग्री बड़े बड़े पालीथिनो मे लेकर पहुंचते है वही सामग्री माँ नर्मदा के निर्मल नीर में छोड़ते हुये गंदगी फैलाते हुये देखे जाते है। इस प्रकार से अपने घरों से लाई गई हवन पूजा सामग्री पालिथिन सहित नर्मदा जल मे डालकर मॉ नर्मदा के अमृत जल को प्रदूषित एवं गंदा करते हुये देखे जाते है। मगर इसके बाद भी माँ का हृदय इतना बड़ा होता है कि वह अपने आंचल को मेला करने वालों की सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये सदा ही उन्हें आर्शीवाद देते हुये देखी जाती है। वही दूसरी ओर सरकार द्वारा माँ नर्मदा के संरक्षण की बात कहते हुये अनेक प्रकार की योजनाएं तो चलाई जा रही है। मगर दूसरी ओर जिस प्रकार से माँ नर्मदा के जल को शहरों में घरेलू उपयोग से लेकर स्थापित हो रहे उद्योगों में पहुंचाने के लिये छूट प्रदान की जा रही है उसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का स्वरूप बदलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि माँ नर्मदा का जल जहां शहरों में पहुंचते हुये उसका घरेलू उपयोग होने के कारण माँ नर्मदा भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचते हुये देखी जा रही है तो दूसरी ओर उद्योग केन्द्रो में भारी मात्रा में नर्मदा जल ले जाने के कारण हर वर्ष नर्मदा जी के जल स्तर में कमी दिखाई देने से नही भी चूक पा रही है। मगर इस ओर न तो सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य अधिकारियों द्वारा जिसके चलते निश्चित तौर से माँ नर्मदा का अस्तित्व खतरे में पड़ते हुये दिखाई देते हुये जान पड़ रहा है? यदि माँ नर्मदाजी के प्रति सरकारों का यही रवैया यही रहा तो वह दिन दूर नही जब हम मॉ नर्मदा के सिर्फ दर्शन भर कर सकेगें उनके जल के लिये तरस जावेगें?

## सत्ताधारी पार्षद पुत्र के प्रति सालीचौका पुलिस की हमदर्दी से लोधी समाज में फैल रहा आक्रोश, ज्ञापन सौंपते हुये पुलिस की कार्य प्रणाली पर खड़े किये सवाल






**सालीचौका।** इस समय सालीचौका क्षेत्र में जिस तरह लगातार बढ़ रहे शराब के अवैध कारोबार से अन्य अपराधों के ग्राफ में हो रही बढ़ोत्तरी के चलते सालीचौका पुलिस की कार्य प्रणाली लगातार चर्चा का विषय बनने से नही चूक रही है..? वही पीड़ितों की शिकायतों पर कार्य वाही करने के नाम पर जिस तरह सालीचौका पुलिस द्वारा रवैया अपनाते हुये देखा जा रहा है उसके चलते लोगों में आक्रोश फैलने से नही चूक रहा है। कुछ इसी प्रकार से बीते कुछ दिवस पहले घटित हुई मारपीट की घटना को लेकर जिस तरह सालीचौका पुलिस द्वारा पीड़ित की शिकायत को लेकर पुलिस हस्तक्षेत्र-अयोग्य मामले का पर्चा दिये जाने पर लोधी समाज में आक्रोश फैलने से नही चूक पाया है तो दूसरी ओर पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सबाल खड़े होने से नही बच पा रहे है..? लोगों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि सालीचौका पुलिस द्वारा सत्तधारी पार्षद पुत्र से क्या इतनी हम दर्दी है जिसके चलते खुलेआम मारपीट करते हुये किये गये अपराध को सालीचौका पुलिस कार्यवाही के लिये उचित नही समझ रहे है और पीड़ित न्यायालय जाने की सलाह दे रही है..? इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को सालीचौका क्षेत्र के लोधी सामाजिक बंधुओं द्वारा एकत्र होकर सालीचौका पुलिस के खिलाफ नारेवाली करते हुये जिला पुलिस अधीक्षक के नाम मुख्य नगर पालिका अधिकारी व चौकी में ज्ञापन सौपते हुये संख्त कार्यवाही की मांगी की गई। सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मनोज लोधी पिता मंसाराम लोधी निवासी ग्राम सहावन बीते हुये 6 अप्रैल को केशला रोड से अपना ट्रेक्टर लेकर खेत जा रहा था। इस दौरान आगे रास्ता सकरा होने के कारण पीछे से एक सफेद रंग की स्कार्पियों आ रही थी। उसके चालक द्वारा हार्न बजाने के बाद मनोज लोधी अपने ट्रेक्टर को रास्ते से हटाते हुये साईड नही दे पाया। जगह मिलने पर साईड दी तो स्कार्पियो आगे निकलाते हुये रोककर भाजपा नेता पुत्र विजय अग्रवाल पिता संतोष अग्रवाल एवं एक अन्य साथी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। जिसकी शिकायत जब पीड़ित मनोज लोधी द्वारा सालीचौका पुलिस चौकी में करने पहुंचा तो वहां पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के जगह मात्र पुलिस हस्तक्षेत्र-अयोग्य का पर्चा थामा दिया गया। इस तरह पुलिस द्वारा सत्ताधारी नेता के पुत्र के प्रति सालीचौका पुलिस द्वारा दिखाई गई हमदर्दी के चलते लोधी समाज में आक्रोश फैल गया और पुलिस की कार्य प्रणाली पर सबाल खड़े करते हुये गुरूवार को लोधी समाज के लोगों द्वारा एकत्र होकर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुये आरोप के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुये चेतावनी दी गई कि यदि तीन दिन के अंदर कार्यवाही नही हुई तो लोधी समाज द्वारा उग्र विरोध प्रदर्शन के लिये मजबूर होना पड़ेगा। इस तरह सालीचौका पुलिस द्वारा पीड़ित मनोज लोधी को खुलेआम गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी दिये जाने के मामले में पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर घटना को मात्र पुलिस हस्तक्षेत्र-अयोग्य तक सीमित रखना चर्चा का विषय बना हुआ है तो दूसरी ओर लोधी समाज में आक्रोश फैलते हुये देखा जा रहा है। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से देवेन्द्र वर्माद्व नरेश वर्मा, राजेश लोधी, अमन, सुनील, अनिल, लाीलाधर, यश कुमार, फूलचंद, जितेन्द्र, संतोष, भनु प्रताप, जगदीश, प्रताप सिंह, तीरथ, फूल सिंह, अरविंद, मनोज, ब्रजमोहन, त्रिभुवन, अभिषेक, इंद्रकुमर, नंद किशोर, देवकरण, शंकर, भगवानदास, सतीश, नरेन्द्र, हृदय, चंद्रभान, कृष्ण, हरिनारायण, अनुप नितेश, नीलेश, नरेश, गोविंद, गजेन्द्र, उमा शंकर, मुरलीधर, पुहप सिंह, सियाराम, अमन, अमित, विशाल, केदार सहित लोधी समाज के अनेक पदाधिकारीगण मौजूद थें।

## हनुमान जयंती की तैयारियों में जुटा युवा दल, महाकुंभ की तर्ज पर सजाई जावेगी झांकी, झंडा दुकानों पर लग रही भीड़





**गाडरवारा।** वैसे तो हनुमान जयंती नगर में हर वर्ष बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी तैयारियों होना शुरू हो चुकी है। मगर देखा जा रहा है कि कुछ अंतराल के बाद इस वर्ष हनुमान जयंती शनिवार के दिन पड़ रही है वह निश्चित तौर से बडे ही सौभाग्य बताया जा रहा है। बताया जाता है कि इस बार शनिवार को पूर्णिमा तिथि पर विशेष योग रहेगा।

वही ज्योतिष शास्त्रों के अनुसार बताया जाता है कि इस साल विशेष योग होने के साथ साथ इसमें धार्मिक अनुष्ठान के लिये विशेष माना जाता है। इस संयोग में संकल्प अनुसार हनुमान जी की पूजा अर्चना करना शुभफलदायी माना गया है। वही दूसरी ओर बीते हुये लगातार 16 सालों से सनातनियों को एक सूत्र में पिरोने के प्रयास में लगये हुये युवादल द्वारा जिस तरह हनुमान जयंती के मौके पर शोभायात्रा निकालने की तैयारियाँ की जा रही है उसके चलते अभी से नगर चारों ओर ध्वजों से पटते हुये दिखाई देने लगा है। बताया जाता है कि इस बार भारत वर्ष की धार्मिक आस्था से जुडे हुये महाकुंभ की तर्ज पर शोभा यात्रा निकलने की तैयारी की जा रही है। शोभायात्रा के दौरान महाकुंभ की वास्तविक सच्चाई व भौतिक बादी युग में शोसल मिडिया की सच्चाई से अवगत कराया जावेगा। कल 12 अप्रैल को हनुमान जी के प्राकटोत्सव के मौके पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में लगभग 8 डीजे, 108 ढोल, 11 घोड़ा बघ्घी, वही विश्व प्रसिद्व महाकुंभ में आकर्षण का केन्द्र रही किन्नर अखाडे की अघोरी तंत्रिक चंचल नाथ, संत नरसिंह देवेन्द्र सरस्वती सहित अन्य प्रतिरूप जीवंत झांकियो को प्रस्तुत किये जाने की तैयारियाँ की जा रही है। इस वर्ष शोभायात्रा के महाकुंभ की तर्ज पर जहां नगर को सजाया जा रहा है। वही दूसरी ओर पचास हजार रूद्राक्ष, इसी प्रकार से त्रिवेणी संगम से बुलाया गया गंगा जल वितरित किया जावेगा। इस संबंध में युवादल से जुडे हुये राव उदय प्रताप सिंह कौरव द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि युवा दल का हर सदस्य तैयारियों में रात दिन एक करते हुये जुटा हुआ देखा जा रहा है। शोभायात्रा का शुभारंभ शाम चार बजे नगर के प्रसिद्व हनुमान मंदिर खप्पर वाले दादाजी के धाम से किया जावेगा। वही यह शोभायात्रा नगर की पुरानी गल्ला मंडी से निकलते हुये सराफा बाजार होते हुये झंडाचौक से निकलकर पुरानी चौकी, चांवडी मार्ग से निकलते हुये महावीर भवन से होते हुये श्याम टाकीज मार्ग होते हुये पुरानी बस स्टेन्ड से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी से निकलकर शुभारंभ स्थल पर समापन होगा। वही दूसरी ओर हनुमान जयंती को लेकर शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बडे जोर शोर से तैयारियाँ चलते हुये देखी जा रही है। इसी के चलते पूजन सामग्री तथा नगर में झंडा विक्रय केन्द्रो पर लोगों की भीड़ लगते हुये देखी जा रही है। इस संबंध में धार्मिक झंडा विक्रय करने वाले नगर के बजरियाँ स्थित नर्मदे ध्वज भंडार केन्द्र के संचालक रज्जन कोरी (रज्जन चाचा) से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया कि निश्चित ही इस साल हनुमान जयंती को लेकर जिस तरह शहर से लेकर गांव गांव लोगों में उत्साह देखने मिल रहा है उसका अंदाजा झंडा विक्रय होने से लग रहा है। हाल यह बना हुआ हे कि हम हर साल थोक में झंडा विक्रय करते है। मगर इस साल जिस तरह हनुमानजी व भगवान राम जी के चित्रों वाले झंडो की जो मांग आ रही है वह पूरी करने में मुश्किल हो रही है। गांव गांव से आ रहे लोग थोक में चार पांच सौ झंडे लेकर जा रहे है। सबसे अधिक हनुमान के चेहरे वाले बडे झंडों की मांग आ रही है। इसी प्रकार से अन्य धार्मिक सामग्री विक्रय केन्द्रो पर भी लोगों की पूजन सामग्री खरीदने के लिये भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। क्योंकि कल शनिवार के दिन हनुमान जयंती पड़ने का जिस तरह शुभ योग बना हुआ है। इस मौके पर धर्म लाभ लेने के लिये युवाओं से लेकर हर वर्ग के लोगों में अलग ही उत्साह देखने मिल रहा है।

## वर्तमान शासक नायक चौबीसवें तीर्थकर भगवान महावीर के जन्म उत्सव पर महिलाओं में देखने मिली अनोखी अलख





**गाडरवारा।** जैन समाज के आराध्य महावीर जी की जयंती जहां बडे ही धूमधाम के साथ मनाई गई। नगर में जैन महिला समाज में वर्तमान शासन नायक चौबीसवे तीर्थकर भगवान महावीर का 2624 वाँ जन्म महोत्सव बडे ही अनोखे ढंग से मनाया गया। बताया जाता है कि जैन धर्म में 24 तीर्थकर भगवान है, महावीर स्वामी आखरी तीर्थकर है इसलिये उन्हें ही वर्तमान शासक मानते है। महावीर स्वामी का जन्म विहार के कुण्डाग्राम में हुआ और पिता सिद्वार्थ व माता त्रिसला के पुत्र महावीर बहुत ही बलशाली, तीक्ष्ण बुद्वि, सरल व शांत स्वभाव के थें, उनका संदेश था जब जीवो पर दया करो, दुनिया की सभी आत्मा एक जैसी है इसलिये हमें सबके साथ वही व्योवहर और विचार करना चाहिये जो हमें खुद के लिये पंसद हो और इसी के चलते जियों और जिनों दो का संदेश देते हुये हर साल चैत्र मास की बदी त्रियोदशी के दिन जैन समाज द्वारा महावीर जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को नगर में जैन समाज दिगम्बर, श्वेताम्बर, कच्छी, गुजराती यानि की सभी ने मिलकर भगवान महावीर स्वामी की जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं द्वारा जहां अनोखी प्रकार की वस्त्र केसरिया साड़ी तो पुरूषो द्वारा सफेद वस्त्र धारण कर कर पूरे जैन समाज की एकता का प्रतीक देते हुये देखे गये। इस मौके पर महिला मंडल द्वारा जहां सुन्दर झाकिया सजाई गई थी तो तो दूसरी ओर युवक मंडल द्वारा बजाये गये बैंड बाजों की अनोखी धुन से शहर की गलिया गूंजने से नही चूक पााई थी। बताया जाता है कि इस मौके पर गाडरवारा जैन समाज ने सुबह 8:30 बजे नगर के चावड़ी आदिनाथ जिनालय से जुलूस का शुभारंभ हुआ। इस तरह पहली बार तीन विमान निकले दिगंबर ,श्वेतांबर,चैत्यालय जी के एकसाथ,जैन समाज की एकता, मधुरता, प्रेम का संदेश देते हुये दिखाई दे रही थे। वही सजाये गये सभी विमानो में विराजित महावीर स्वामी का लोगों ने जहां तहां आरती करके सभी धर्मानुरागी पुण्य लाभ लिने के साथ खुशी से झूमते हुये देखे गये। वही नगर में महावीर भगवान के संदेश जिओ और जीनों दो, अहिंसा, प्रेम, छोटे से छोटे जीव की रक्षा करने का सिद्धांत जो जैन धर्म की शान है का एक शुरू गुंजयमान होते हुये देखा जा रहा था। इस तरह विमान वीर विध्या निलय धर्मशाला पहुँचा जहां पर प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा के उपरांत समापन हुआ।

## जल संरक्षण को लेकर गांव गांव चलाई जा रही है मुहिम, समय रहते पानी की महत्व को नहीं समझा तो पछताने के लिये होंगे मजबूर..

सालीचौका








जल के महत्व की अनदेखी का परिणाम है कि हर साल जमीन के नीचे का जल स्तर गिरता चला जा रहा है। हम बडे ही सौभाग्य शाली हे कि नर्मदा क्षेत्र में निवास करने के लिये माँ नर्मदाजी के आर्शीवाद से अभी तक हमे किसी तरह जल के संकट का सामना करने के लिये मजबूर नही होना पड़ा है। मगर इस तरह यदि जल की बर्बादी की जाती रहती तो निश्चित तौर से वह दिन दूर नही जब हम एक एक बूंद पानी के लिये परेशान होते हुये देखे जावेगे। इसी के चलते बीते हुये दिवस बसुरिया एनसीआई हाई स्कूल के बच्चों द्वारा जल संरक्षण को लेकर रैली निकालते हुये लोगों को जल के महत्व से अवगत कराते हुये लोगों को जागरूक किया गया। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस बसुरिया गांव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत मंगवालर को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद वि. ख. चीचली जिला द्वारा सेक्टर 2 बसुरिया में जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा एवं वि.ख. समन्वयक सुश्री स्मिता दांड़े के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया द्वारा ग्राम के NCI हाई स्कूल बसुरिया के समन्वय से जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रैली निकाली गई। बताया जाता है कि इस रैली में स्कूली बच्चों सहित शिक्षण संस्था के सभी शिक्षक , शिक्षिकाओं ने ग्राम में भ्रमण करते लोगों के जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान एनसीआई स्कूल संचालक राजेन्द्र परिहार द्वारा जल संसाधन, जल संवर्धन व जल संरक्षण को लेकर बताया कि हम अपने बुर्जुगों से सुनते थे कि पानी कुओं, तालाबों तथा नदियों में बारह माह उपलब्ध होता था। मगर लगातार हो रहे जल के दोहन तथा प्रकृति के साथ छेड़छाड का परिणाम है कि जमीन के नीचे जल स्तर नीचे की ओर जा रहा है। इसी प्रकार से स्कूल प्राचार्य धनराज विश्वकर्मा ने बताया कि समय रहते हुये यदि हमने जल की बर्बादी को रोकते हुये उसके महत्व को समझा नही गया तो वाला समय बहुत भयावह रूप लेगा। इसी मौके पर गौ सेवक किसान नेता लीलाधर वर्मा ने कहा कि इस तरह से जल गंगा संवर्धन को सुचारू रूप से चलना चाहिए। वही हरदौल संस्था सचिव रामेश्वर वर्मा ने शाला परिवार एवं उपस्थित जनों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर शिक्षक कवि पुरुषोत्तम मुख्तियार, स्कूल संचालक राजेंद्र परिहार, सुरेश वर्मा, धनराज विश्वकर्मा प्राचार्य , लीलाधर वर्मा गौ सेवक, दुर्गेश पटेल, राम सर,ब्रजेश सर, नवांकुर संस्था जन शक्ति सेवा समिति अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत , हरदौल जन सेवा समिति सचिव रामेश्वर वर्मा, कवि संतोष अग्रवाल सागर, ओ.पी. वर्मा, अभिषेक पटेल छोटी बाबई ,पुखराज राजपूत सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट भवन में शिकायत पेटी की शुरुआत



डिंडौरी । जिले में अब आमजन अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। गुरुवार, 10 अप्रैल को कलेक्टर नेहा मारव्या ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में शिकायत पेटी की शुरुआत की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, डीएफओ हरिओम शिवहरे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि शिकायत पेटी का उद्देश्य उन लोगों की समस्याएं सुनना है, जो किसी कारणवश सीधे अधिकारियों तक नहीं पहुंच पाते। आमजन बिना नाम बताए भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। प्रत्येक कार्यदिवस पर शाम 5 बजे शिकायत पेटी खोली जाएगी और उसमें प्राप्त शिकायतों को कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर, समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस पहल से प्रशासनिक पारदर्शिता में वृद्धि होगी और आमजन को अपनी बात रखने का एक भरोसेमंद मंच मिलेगा।

### भाजपा मंडल शहपुरा का गांव चलो बस्ती अभियान



शहपुरा। भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा ने अपने 'गांव चलो बस्ती अभियान' के तहत शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती के नेतृत्व में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रियंका आर्मी, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल, नगर परिषद उपाध्यक्ष मुकेश साहू और भाजपा के प्रमुख सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत की और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को जाना।इस अवसर पर राजेश साहू, अरविंद श्रीवास्तव, अरुण अग्रवाल, सुरेंद्र साहू, देवेंद्र बनवासी, राजेंद्र तिवारी और नितिन गुप्ता उपस्थित थे। 'गांव चलो बस्ती अभियान' भाजपा की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत पार्टी कार्यकर्ता गांवों और बस्तियों में पहुंचकर आम लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और जरूरतों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में आज स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर मरीजों की परेशानियों को समझा गया, ताकि उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में उचित कदम उठाए जा सकें।

### बिना परमिशन के खेत पर चल रहे जेसीबी को तहसीलदार ने किया जप्त



शहपुरा। डिंडोरी जिले के मेंहदवानी विकासखण्ड में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक जेसीबी मशीन को बिना अनुमति के एक खेत पर खुदाई करते हुए पाया गया। नायब तहसीलदार भीमसेन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया और मेंहदवानी थाना को सुपुर्द कर दिया।

**मामला क्या है ?** राम सुखलौंडी पटवारी हल्का नंबर 97 में कृषक कत्तू पिता तिवारी सिंह की भूमि पर बिना अनुमति के जेसीबी MP20DA3036 वाहन मालिक बृजेश यादव के चालक द्वारा खुदाई की जा रही थी। जब नायब तहसीलदार भीमसेन पटेल को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया।

**क्या है कार्रवाई ?**- मेंहदवानी पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कार्रवाई कर रही है। इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस और प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

**ऐसे मामलों में क्या होता है ?**- ऐसे मामलों में, जहां बिना अनुमति के खुदाई की जाती है, प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें जुर्माना, मशीनरी की जब्ती और यहां तक कि गिरफ्तारी भी शामिल हो सकती है।

# ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार को थमाया करोड़ों का ठेका, सरकारी तंत्र की बड़ी लापरवाही

## ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार से कराया जलाशय निर्माण, नियमों को दरकिनार कर किया करोड़ों का भुगतान

### जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की सांठगांठ से निलंबित पंजीयन के बावजूद ठेकेदारी और भुगतान

### ठेकेदार संजीव शर्मा पर धारा 420 के तहत कार्रवाई की मांग









डिंडौरी ।

जिले के समनापुर ब्लॉक अंतर्गत रनगांव जलाशय निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितता का मामला उजागर हुआ है, जहां ठेकेदार संजीव शर्मा द्वारा पंजीयन निलंबित होने के बावजूद कार्य कर शासन से फर्जी तरीके से करोड़ों रुपये का भुगतान प्राप्त किया गया। जबकि ब्लैकलिस्टेड होने के बाद फर्म कार्य करने हेतु अपात्र होते हैं, लेकिन जब सरकारी तंत्र के नुमाइंदे ही शासन की आंखों में धूल झोंककर गड़बड़ी करें तो सभी तरह के अवैधानिक कार्य संभव हैं। उक्त मामले की शिकायत ग्वालियर निवासी अशोक शर्मा ने अपर मुख्य सचिव जल संसाधन, मुख्यमंत्री समेत उच्च स्तर पर करती हुए इस मामले में ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के विरूद्ध (धोखाधड़ी) के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

#### ठेकेदार का पंजीयन पहले ही हो चुका था निलंबित

प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार, ठेकेदार संजीव शर्मा का पात्रता पंजीयन क्रमांक EC02753 दिनांक 26/08/2011 को हुआ था, जो कि दिनांक 08/05/2014 को मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उत्तर परिक्षेत्र, ग्वालियर द्वारा आदेश क्रमांक सा/401/कान/126/2012/7663 के माध्यम से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।इसके बावजूद, ठेकेदार ने जल संसाधन विभाग अंतर्गत डिंडोरी जिले के रनगांव में डेम निर्माण (NIT क्रमांक 391DL दिनांक 20/10/2015) हेतु कार्य किया और एग्रीमेंट क्रमांक 10DL/2015-16 दिनांक 16/12/2015 के अंतर्गत कार्य स्वीकृत करवाकर 3.5 करोड़ की लागत का भुगतान भी प्राप्त कर लिया।

#### सूचना का अधिकार के तहत जानकारी देने में भी टालमटोल

शिकायतकर्ता अशोक शर्मा के भाई राकेश शर्मा द्वारा सूचना के अधिकार (RTI) अधिनियम 2005 के अंतर्गत ठेकेदार के पंजीयन की स्थिति व भुगतान की जानकारी मांगी गई, लेकिन लोक सूचना अधिकारी डिंडोरी द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। इस मामले में राज्य सूचना आयोग, भोपाल में दिनांक 08/09/2023 को द्वितीय अपील दर्ज की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 22 फरवरी और 15 मार्च 2025 को भी जानकारी मांगी गई, लेकिन आज तक जवाब नहीं मिला।

#### ब्लेक लिस्टेड ठेकेदार ने कई जिलों में किया करोड़ों रुपए का कार्य

सूत्रों की मानें तो संजीव शर्मा द्वारा पंजीयन निलंबन के बावजूद डिंडोरी सहित अन्य जिलों में भी सरकारी निर्माण कार्य किए गए हैं, जो कि मप्र लोक निर्माण नियमावली, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 और भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 468, 471 (धोखाधड़ी, जालसाजी और नकली दस्तावेजों का उपयोग) के सीधे उल्लंघन की श्रेणी में आता है, एमपी लोक निर्माण विभाग के नियम अनुसार केवल वैध पंजीकृत ठेकेदार ही टेंडरिंग और एग्रीमेंट प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। लेकिन ठेकेदार को अधिकारियों ने नियमों को नकारते हुए अवैध रूप से करोड़ों रुपए का भुगतान किया है।

#### उपयंत्री/एसडीओ बने गोपनीय पेटी ठेकेदार, डिंडौरी को कर रहे बर्बाद

जिले में जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के नाम पर 100 से अधिक बांध एवं जलाशय का निर्माण कराया गया है, जिससे विभागीय अधिकारी 40 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित किए जाने का कागजी दावा किया जा रहा है। दरअसल दशकों से जमे कथित अधिकारी ठेकेदारो को मोहरा बना कर खुद पेटी ठेकेदार बनकर निर्माण कार्यों के नाम पर पलीता लगा रहे हैं। जिससे कागजों में विकास दौड़ रहा है और जमीनी हकीकत बद से बदतर है। स्वयं ठेकेदार बने अधिकारी /उपयंत्री कागजों में ही काम पूर्ण कर अपना विकास कर रहे वही डिंडौरी के बुनियादी विकास को बर्बाद कर रहें हैं।

#### शिकायत कर्ता ने की निष्पक्ष जांच और FIR की माँग

शिकायतकर्ता अशोक शर्मा निवासी ग्वालियर ने ने अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग को पत्र प्रेषित कर मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने तथा ठेकेदार संजीव शर्मा के खिलाफ FIR दर्ज करने सहित अन्य धाराओं में विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है।





# डिंडौरी में दर्दनाक हादसा: ट्रैक्टर इंजन पलटा, पति-पत्नी की मौत छह माह की बच्ची ज़िंदा बची

### जंगल के रास्ते में देर रात हुआ हादसा, बच्ची की रोने की आवाज़ सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीण, पुलिस जांच में जुटी

डिंडौरी। शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुनिया बगाड़ गांव के पास बुधवार देर रात एक ट्रैक्टर इंजन पलटने से पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद छह महीने की मासूम बच्ची सकुशल बच गई। हादसे की जानकारी तब हुई जब बच्ची की रोने की आवाज़ सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी हरिशंकर तिवारी ने बताया कि मृतक मोहन दास, रामगुड़ा से दुनिया बगाड़ तक निर्माणाधीन प्रधानमंत्री सड़क परियोजना में ट्रैक्टर ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। बुधवार को वह दिनभर काम करने के बाद अपनी पत्नी रानू बाई और छह माह की बच्ची को लेने ट्रैक्टर से रामगुड़ा पहुंचा। रात क़रीब साढ़े दस बजे, वापस लौटते समय जंगल के रास्ते में अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। बच्ची ट्रैक्टर के नीचे दबने से बच गई, और उसकी रोने की आवाज़ सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्ची फिलहाल परिजनों की देखरेख में सुरक्षित है।

# अमृत सरोवर बना भ्रष्टाचार का प्रतीक, 24 लाख की योजना गर्मी की शुरुआत में ही सूखी, ग्रामीणों पर जल संकट का साया





डिंडौरी।

जिले के मेंहदवानी जनपद अंतर्गत बैगान टोला गांव में जल संरक्षण के लिए बनाई गई अमृत सरोवर योजना भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। सरकार द्वारा जल संकट से राहत के लिए 24 लाख रुपये की लागत से बनाए गए इस सरोवर में गर्मी शुरू होते ही पानी पूरी तरह सूख गया है। जिससे ग्रामीणों को पीने और सिंचाई दोनों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### ग्रामीणों की दुर्दशा, प्रशासन उदासीन

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरोवर का निर्माण गुणवत्ता के मानकों को दरकिनार करते हुए किया गया। जल संरक्षण की मूल भावना को दरकिनार कर सरपंच, सचिव और उपयंत्री ने इस योजना को केवल कागजों पर सफल दिखाने का प्रयास किया, जबकि धरातल पर यह पूरी तरह विफल साबित हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि योजना की राशि का बड़ा हिस्सा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

#### पानी के लिए लंबी दूरी तय कर रहे ग्रामीण

गांव के लोगों का कहना है कि सरोवर सूखने से न सिर्फ फसलें प्रभावित होंगी बल्कि पशुओं के लिए भी संकट उत्पन्न हो गया है। महिलाओं और बच्चों को पीने के पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार जनपद और जिला प्रशासन से अमृत सरोवर की सफाई, गहरीकरण और पुनर्भरण की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

#### ग्रामीणों की मांग: हो जांच और कार्रवाई

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि ऐसे मामलों पर समय रहते संज्ञान नहीं लिया गया तो अन्य गांवों में भी स्थिति भयावह हो सकती है।

# कलेक्टर सभागार में हुई प्रेसवार्ता: जिले के विकास, जनसुनवाई और जल संरक्षण पर हुई चर्चा



डिंडौरी ।

कलेक्टर नेहा मारव्या ने गुरुवार को कलेक्टर सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, डीएफओ हरिओम, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित जिले के सभी पत्रकार उपस्थित रहे।

प्रेसवार्ता में कलेक्टर ने जिले के विकास कार्यों, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जनसुनवाई, ग्रामीण विकास और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की।उन्होंने जानकारी दी कि 15 अप्रैल से ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई की शुरुआत होगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं स्थानीय स्तर पर ही हल की जा सकेंगी। साथ ही कलेक्टर कार्यालय में शिकायत पेटी की व्यवस्था की गई है, जिसमें लोग बिना नाम लिखे भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

जल संरक्षण को लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सभी सरकारी भवनों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। साथ ही पेयजल संकट से निपटने के लिए नदी, तालाब, कुआं, चेक डेम जैसे जल स्त्रोतों के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में उन्होंने बताया कि जिले के सभी विद्यालयों में रेडमाइजेशन के तहत शिक्षकों की पदस्थापना की जाएगी। यदि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी होगी तो माध्यमिक स्कूल के योग्य शिक्षकों को वहाँ अटैच किया जाएगा।

पर्यटन विकास को लेकर कलेक्टर ने बताया कि देवनाला, नेवसाहाल, डगोनापाल, चाड़ा, कारोपानी आदि पर्यटन स्थलों के साथ नर्मदा नदी के किनारे पर्यटन स्थल विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।वन विभाग द्वारा नर्मदा योजना के अंतर्गत बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की योजना है। जिले के कई गांवों में पेयजल परिवहन व्यवस्था को भी सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है।प्रेसवार्ता के अंत में कलेक्टर ने पत्रकारों से जिले की विभिन्न समस्याओं और सुझावों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### जिले में शिक्षकों के संलग्नीकरण की समीक्षा, 12 अप्रैल को होगी अहम बैठक

डिंडौरी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी द्वारा जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश अनुसार जिले में शासकीय स्कूलों में संलग्न शिक्षकों की जानकारी एकत्रित कर 12 अप्रैल 2025 को दोपहर 2 बजे विभागीय कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यह कार्रवाई कलेक्टर डिंडौरी के निर्देश पर शिक्षकों की पदस्थापना को युक्तियुक्त बनाने और मूल पदस्थापना स्थान पर शिक्षकों को भेजने के उद्देश्य से की जा रही है। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के संकुल प्राचार्यों के साथ 11 अप्रैल को बैठक कर जानकारी संकलित करनी होगी। संलग्न जानकारी में शिक्षक का नाम, पदनाम, मूल पदस्थापना स्थल, वर्तमान संलग्नीकरण स्थल एवं आदेश की जानकारी शामिल रहेगी। साथ ही शून्य शिक्षकीय, एक शिक्षकीय तथा अतिशेष शिक्षकों की जानकारी भी साथ लाना अनिवार्य रहेगा। यह कार्रवाई जिले में शिक्षण व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।

# महावीर जयंती पर निकली शोभायात्रा

### जैन मंदिर में पूजा अर्चना का हुआ कार्यक्रम, लोगों ने जगह-जगह किया स्वागत





महावीर जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को जैन समुदाय द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का कई जगह स्वागत हुआ। नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से सुबह 9 बजे शुरू हुई शोभायात्रा काँच मंदिर, अस्पताल रोड, उत्कृष्ट विद्यालय से गुजरी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यात्रा में पड़ने वाले सभी जैन समाज के घरों के सामने भगवान की आरती की गई । ढोल तासे की धुन में जैन समाज के दर्जनों महिला, पुरुष, बच्चो में शोभा यात्रा में हिस्सा लिया ।हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म उत्सव जैन अनुयायी बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इस बार महावीर जयंती 10 अप्रैल को मनाई गई। भगवान महावीर, जिन्होंने पूरे समाज को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। जैन धर्म का समुदाय इस दिन जैन मंदिरों में जाकर पूजा-पाठ करते हैं वहीं इस दिन भव्य जुलूस भी निकाला जाता है।

***कौन थे भगवान महावीर***- भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे। उनका जन्म ईसा पूर्व 599 वर्ष माना जाता है। उनके पिता राजा सिद्धार्थ और माता रानी त्रिशला थीं और बचपन में उनका नाम वर्द्धमान था।

***कौन कहलाए तीर्थंकर*** - जैन धर्म में तीर्थंकर का अभिप्राय उन 24 दिव्य महापुरुषों से है जिन्होंने अपनी तपस्या से आत्मज्ञान को प्राप्त किया और अपनी इंद्रियों और भावनाओं पर पूरी तरह से विजय प्राप्त की।

***इसलिए नहीं करते वस्त्र धारण***- अपनी तपस्या के दौरान भगवान महावीर ने दिगंबर रहना स्वीकार कर लिया, दिगंबर मुनि आकाश को ही अपना वस्त्र मानते हैं इसलिए वस्त्र धारण नहीं करते हैं। जैन मान्यता है कि वस्त्र विकारों को ढकने के लिए होते हैं और जो विकारों से परे हैं, ऐसे मुनि को वस्त्रों की क्या जरूरत है।

***ऐसे मिला केवल ज्ञान***- भगवान महावीर के प्रारम्भिक तीस वर्ष राजसी वैभव एवं विलास के दलदल में कमल के समान रहे। उसके बाद बारह वर्ष घनघोर जंगल में मंगल साधना और आत्म जागृति की आराधना में वे इतने लीन हो गए कि उनके शरीर के कपड़े गिरकर अलग होते गए। भगवान महावीर की बारह वर्ष की मौन तपस्या के बाद उन्हें 'केवलज्ञान ' प्राप्त हुआ । केवलज्ञान प्राप्त होने के बाद तीस वर्ष तक महावीर ने जनकल्याण हेतु चार तीर्थों साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका की रचना की।

***महावीर के सिद्धांत***- भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। यही उनका ' जीयो और जीने दो ' का सिद्धांत है। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य और ब्रह्मचर्य जैसे पांच मूलभूत सिद्धांत भी बताए। इन्हीं सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारकर महावीर ' जिन ' कहलाए। जिन से ही 'जैन' बना है अर्थात जो काम, तृष्णा, इन्द्रिय व भेद जयी है वही जैन है।

***उनकी दृष्टि में हिंसा***- भगवान महावीर ने अपनी इन्द्रियों को जीत लिया और जितेंद्र कहलाए। उन्होंने शरीर को कष्ट देने को ही हिंसा नहीं माना बल्कि मन, वचन व कर्म से भी किसी को आहत करना उनकी दृष्टि से हिंसा ही है।

***सबको क्षमा करना***- क्षमा के बारे में भगवान महावीर कहते हैं- 'मैं सब जीवों से क्षमा चाहता हूं। जगत के सभी जीवों के प्रति मेरा मैत्री भाव है। मेरा किसी से वैर नहीं है। मैं सच्चे हृदय से धर्म में स्थिर हुआ हूं। सब जीवों से मैं सारे अपराधों की क्षमा मांगता हूं। सब जीवों ने मेरे प्रति जो अपराध किए हैं, उन्हें मैं क्षमा करता हूं।

शोभायात्रा के दौरान डॉ सुनील जैन, एड. सचिन जैन, एड. सम्यक जैन, रितेश जैन (पार्षद), रितेश जैन सी.ए, संजय जैन, संजीव जैन, सतेंद्र जैन, सुगम चंद जैन, दीपांशु जैन, अम्बर जैन, समकित जैन, सुधीर जैन, सपना जैन, सहित सकल जैन समाज उपस्थित रही।

**खबर संक्षेप**

## धूमधाम से निकाली गई श्रीजी की शोभायात्रा



**तेंदूखेड़ा।** अहिंसा के पुजारी जियो और जीने दो का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की जयंती दिगम्बर जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर नगर की सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा नगर के मुख्य मार्गों से विशाल शोभायात्रा निकाली।श्री जी की शांती धारा अभिषेक पूजन किया गया। रात्रि में आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राजीव मेहर का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर निवासी राजीव राजू मेहर का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। ज्ञात हो कि श्री मेहर जिले के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी थे। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे निज निवास से मसीही कब्रिस्तान के लिए जाएगी।

## तुअर फसल उपार्जन हेतु पंजीयन 20 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष- 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में तुअर फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन ई- उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक किया जायेगा। जिले में किसान पंजीयन के लिए 21 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं।

### कंपनी व प्रशासन की लापरवाही का नतीजा आया सामने

# सीवर लाइन ने निगल ली दो जिंदगी



## मजदूरी करने गए दो लोगों की करंट लगने से मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों की सुविधाओं के लिए अनेकों निर्माण कार्य कराये जाते हे जिससे लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके लेकिन प्रशासन मे बैठे गैरजिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों तथा ठेकेदारों की लापरवाही के कारण लोगों अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कई मामले ऐसे भी आते है जिसमे लोगों की जान भी चली जाती है ऐसा ही मामला जिला मुख्यालय में सामने आया जहां पर सीवर लाइन में काम कर रह दो मजदूरों की करंट लगने से मौत हो गई। घटना गुरुवार को स्टेशन गंज के शुभ नगर क्षेत्र में काम करते समय हुई। दोनों मृतकों के शव को मर्चुरी मे रखा गया है ।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय मे सीवर लाइन का कार्य बीते दो वर्षों से अधिक समय से जारी है। नगर पालिका क्षेत्र मे सीवर लाइन डालने का ठेका दूसरे राज्य की निजी कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कार्य कराने के लिए स्थानीय तथा बाहरी लोगों को रखा गया है। गुरुवार को स्टेशन गंज क्षेत्र मे काम करते समय मजदूरों को करंट लगा जिसकी चपेट में आने से दो मजदूर घायल हो गए जिन्हे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को परीक्षण हेतु रखा दिया गया। शव का परीक्षण आज कराया जावेगा।

### कंपनी बरत रही लापरवाही

जिला मुख्यालय में अर्बन डेवलपमेंट कंपनी सीवर लाइन डालने का कार्य कर रही कंपनी द्वारा लापरवाही पूर्ण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत अनेकों बार प्रशासन से की गई लेकिन समस्या का कोई स्थाई हल नही निकला और आज दो जिंदगी ले डूबी। इसके पूर्व जिला मुख्यालय में डाली जा रही सीवर लाइन गड्ढे मे गिरकर अनेकों लोग घायल भी हो चुके है आवाज उठाने पर भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और कंपनी की मनमानी अनवरत जारी है। वही विपक्ष द्वारा भी आवाज उठाई गई लेकिन कोई ठोस हल नही निकाला जा सका। गुरुवार को स्टेशन गंज के शुभ नगर क्षेत्र में घटित हुई घटना में दीपक पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी चिनकी उमरिया तथा जितेंद्र यादव पिता सुनील यादव उम्र 51 वर्ष निवासी किसानी वार्ड दोनो थाना क्षेत्र कोतवाली निवासी बताए गए।




### प्रशासन की अनदेखी बन रही वजह

कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य को प्रशासन द्वारा अनदेखा किया जा रहा है। जिस कारण से नगरवासियों को परेशानियों का कारण बन रहा है। प्रशासन को चाहिये की कंपनी द्वारा किये जा रहे कार्यो की समय समय पर समीक्षा कर निर्माण कार्य की गतिविधियों को ठीक ढंग से कराया जावे। कंपनी द्वार निर्माण कार्य के दौरान गड्ढे खुले ना रहे तथा सड़को की खुदाई कर किये जा रहे निर्माण कार्य को पूरा होने पर सड़कों को शीघ्र ही पक्का कर दिया जावे जिससे दुर्घटना होने से रोका जा सके। कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य को नगर पालिका द्वारा नियमानुसार कार्य कराया जाना चाहिये। सीवरेज कंपनी द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य पर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। जिससे इस प्रकार की घटनाए भविष्य में और आगे ना हो।

### इनका कहना है

उक्त घटना के संबंध मे थाना प्रभारी एवं विद्युत विभाग द्वारा जांच की जा रही है। करंट लगने से मौत होने की बात सामने आई है अंडरग्राउंड में करंट कहां से आया इसकी जांच की जा रही है जांच उपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

**मणिन्द्र कुमार, एस डी एम**

## शंकराचार्य नेत्रालय में सप्त दिवसीय महोत्सव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ब्रम्हलीन अनंत श्री विभूषित द्वि पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री की पावन तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम में अनंत श्रीविभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारकाशारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानन्द सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद एवं अनंत श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज की प्रेरणा से श्रीराम लला के पावन अवतरण दिवस से श्री हनुमान लला के प्राकट्योत्सव तक तदनुसार 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक परमहंसी गंगा आश्रम स्थित अंजनी पर्वत पर श्री सर्व सिद्धि हनुमान लला सह नवग्रह मंदिर में श्री हनुमत भक्ति सप्ताह महोत्सवष का भव्य आयोजन किया जा रहा है। साप्ताहिक महोत्सव का शंकराचार्य नेत्रालय एवं श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन झौंतेश्वर के सदस्यों द्वारा अंजनी पर्वत स्थित श्री हनुमान लला सह नवग्रह मंदिर में मध्यान्ह 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ के गायन के साथ होगा। इस सप्त दिवसीय महोत्सव में नरसिंहपुर एवं जबलपुर जिले के प्रसिद्ध मण्डलों द्वारा सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का संगीतमय गायन किया जाएगा। प्रतिदिन कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। श्री हनुमान लला प्राकट्योत्सव दिवस पर श्यामा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ का गायन किया जाएगा। शंकराचार्य नेत्रालय परिवार एवं श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन परिवार के समस्त सदस्यों का आवाहन है कि आप सभी श्रृद्धालुजन इस पुनीत महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठावें।

## पेंटिंग बनाकर दिया जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान में जहां जनप्रतिनिधि, आम नागरिक, स्वयं सेवी संगठन, मप्र जनअभियान परिषद की संस्थायें हिस्सा ले रही हैं। वहीं दूसरी ओर बच्चें भी जल संरक्षण व संवर्धन के महत्व को बढ़ावा देने के लिए हिस्सा ले रहे हैं। जिले के कई स्कूलों में बच्चों द्वारा रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जल का महत्व बता रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर की गोटेगांव विकासखंड के वृंदावन आदर्शन ग्राम गोटेगांवखेड़ा सेक्टर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन और भू-जल स्तर में वृद्धि के लिए बच्चों ने अपने हाथों से पेंटिंग बनाई। इस दौरान सरपंच श्रीमती प्रियंका खेमरिया, नवांकुर संस्था नई पहल फाउंडेशन, सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, बालक- बलिकाओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली।






## आज निकाली जावेगी 751 जवारों की भव्य शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के प्रसिद्ध सदर मढ़िया के जवारों की भव्य शोभायात्रा 11 अप्रैल को विभिन्न मार्गों से निकाली जायेगी। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र पर्व पर सदर मढ़िया में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 751 जवारों की स्थापना की गई है। जवारों की भव्य शोभायात्रा में जिले एवं आसपास से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। यह जवारों का भव्य जुलूस 11 अप्रैल को निकाला जायेगी। यह शोभायात्रा सदर मढ़िया प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर पालिका चैराहा, शुभाष चैराहा, चैपाटी के सामने से होते हुए कठल पेट्रोल पम्प, गुरूद्वारा चैराहा, सुनका चैक, एलआईसी ऑफिस के सामने से होते हुए मैन रोड के राम मंदिर, सिंहपुर तिराहा होते हुए सुभाष चैराहा में समाप्त होगी। जवारों की शोभायात्रा सुबह 7 बजे से निर्धारित किया गया है। यह पूरे दिन नगर में भ्रमण करेगा, जिसमें अत्याधिक संख्या में शहर तथा आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पुलिस प्रशासन नरसिंहपुर द्वारा यातायात व्यवस्था के लिए आवश्यकतानुसार वैकल्पिक यातायात व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा नागरिकों की सहूलियत के लिए वैकल्पिक मार्ग नियत किया है। कार्यक्रम दौरान सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक भारी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

## सच्चिदानंद आश्रम में सर्वधर्म मिलन समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय सच्चिदानंद आश्रम में सर्वधर्म मिलन समारोह किया गया। सर्वप्रथम एकता स्तंभ पर समस्त धर्म चिन्हों पर अतिथियों के द्वारा फूल अर्पित किया गया इस कार्यक्रम में ईद उल फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, बैसाखी, गुड फ्राइडे आदि सर्व धर्म के त्योहारों को एक साथ मिलकर मनाया गया जिसमें प्रार्थना गीत प्रियांशी पुरोहित स्वागत उद्बोधन फादर एंटो कव्वाली सुधीर दुबे ईद उल फितर पर उद्बोधन हबीब खान श्रीमती कामिनी दुबे श्रीराम भजन, उद्बोधन श्रीमती प्रतिमा राजवैद्य, सर्वधर्म संभाव पर नाटिका चावरा विद्यापीठ के छात्रों के द्वारा निर्देशन हेमवीर साहनी, उद्बोधन डॉ सुधीर सिंघई अध्यक्ष समन्वय परिवार, भगवान महावीर पर भजन कृष्णकांत चैबे एवं उद्बोधन श्रीमती रिचा जैन शिक्षिका चावरा विद्यापीठ बैसाखी पर गीत सुनील चैहान, उद्बोधन फादर जैकब इंदौर, बैसाखी पर उद्बोधन श्रीमती हरप्रीत कौर गुरु सिंघ सभा, नृत्य प्रस्तुत श्रीमती रिचा एंजिला टोपो एवं श्रीमती मेरलिन, उद्बोधन प्रियांशी राय, गीत अनीश पी एन शिक्षक चावरा विद्यापीठ, गुड फ्राइडे उद्बोधन अजमीर टोपो शिक्षक, गीत प्रदीप पुरोहित उद्बोधन एडवोकेट तराना खान, नृत्य प्रस्तुत एंजल एवं ग्रुप संचालन हेमवीर साहनी ने किया इस अवसर अजय नेमा मुकेश मानसाता सुबोध शर्मा नरसिंह दास राजेश तिबारी मदन भाई एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





## बीएमओ ने किया औचक निरीक्षण, कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विकासखण्ड मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रिचा मिश्रा द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगवानी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खुरपा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुंगवानी मे पदस्थ्य मेडीकल ऑफीसर अनुपस्थित पाये गये व स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं अस्त व्यस्त पाई गई जिस पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित मेडीकल ऑफीसर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थिति पंजी का भी निरीक्षण किया गया व सभी कर्मचारीयों को निर्धारित समय पर उपस्थित होने संबंधी निर्देश दिये।

## समय सिंधु महिला मंडल ने बच्चों को बांटे वस्त्र



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** समय सिंधु महिला मंडल चंदना संभाग के अंतर्गत अध्यक्षा रंजना नायक जी के मार्गदर्शन मे वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पूर्व स्थान जैन मंदिर कंदेली प्रांगण मे गरीब बच्चों को बुलाकर बच्चों को वस्त्र एवं नमकीन बिस्किट का वितरण किया गया। मंडल की सभी बहनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिती दी। मंदिर जी मे नवकार मंत्र की जाप की उपस्थित सदस्य संरक्षक किरण जैन सचिव साधना डब्लया कोषाध्यक्ष भावना जैन उपाध्यक्ष नीलांजना जैन सहसचिव पूनम जैन सह कोषाध्यक्ष प्रतिभा जैन रजनी सिंघई पारुल जैन दीप्ती जैन सारिका जैन मंजु जैन शशि जैन शुजाता जैन रेखा जैन श्वेता जैन सीमा जैन विनिता जैन सपना जैन संमति जैन सपना नवरंग उपस्थित रही ।सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

## राशन प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी 25 तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले की शासकीय उचित मूल्य दुकान से प्रतिमाह खाद्यान्न प्राप्त करने वाले ऐसे समस्त हितग्राहियों को सूचित किया गया है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई- केवायसी 25 अप्रैल तक करना आवश्यक है। जिन हितग्राहियों व उनके परिजनों की 25 अप्रैल तक ई- केवायसी नहीं होगी, उन्हें माह मई 2025 से खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि समस्त हितग्राही सुगमता से राशन प्राप्त करने के लिए 25 अप्रैल तक ई-केवायसी निर्धारित समय में शासकीय उचित मूल्य दुकान पर पीओएस मशीन के माध्यम से करवाना सुनिश्चित करें।

## कन्या पूजन व कर्ण छेदन कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले के ऐतिहासिक जवारे समीति द्वारा स्थानीय सदर मढिया प्रांगण में सामूहिक सुहागिलें तथा कन्या पूजन एवं कन्याओं के कर्ण छेदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न संगठनों की मात्र शक्तियों के सहयोग से यह सुहागले संपन्न हुई मुख्य रूप से भारत विकास परिषद महिला विंग, भाजपा महिला मोर्चा, स्वर्णकार समाज, गायत्री परिवार रामायण मंडली आदि संगठनों का विशेष योगदान रहा माता रानी की सुहागलों में उपस्थिति मात्र शक्तियों ने सुहाग के गीत के साथ सुहागन माता की तत्पश्चात सामूहिक प्रसादी ग्रहण की गई। कर्ण छेदन कर कन्याओं को भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए।



# श्री हनुमान प्राकट्योत्सव समारोह का शुभारंभ



### दादा दरबार में तीन दिवसीय कार्यक्रम

**तेंदूखेड़ा।** आगामी 12 अप्रेल को संकटमोचक पवनसुत श्री हनुमान जी महाराज के प्राकट्योत्सव को लेकर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक आयोजन शुरू हो गये हैं।इसी श्रंखला के चलते श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 10अप्रेल से शुरू हुये अनुष्ठानात्मक कार्यक्रम के तहत श्री राम रक्षा स्त्रोत पाठ श्री हनुमत कवच पाठ चालीसा पाठ सहस्त्रार्चन श्री शिव जी रुद्राभिषेक 12 अप्रेल तक आयोजित किए जाएंगे साथ ही रात्रि में संगीतमय महाआरती होगी।12 अप्रैल को हवन पूजन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ महाआरती तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। साथ ही इन तीन दिवसों में नगर के सभी प्रतिष्ठित संगठनों सेवाभावी गतिविधियों में संलग्न रहने वाली संस्थाओं द्वारा महाआरती में भाग लिया जायेगा।श्री राम रसिया भक्त मंडल के द्वारा नगर एवं आस पास क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### नगर के हनुमान मंदिर में होंगे विविध आयोजन

श्री हनुमान प्राकट्योत्सव को लेकर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में भी 12 अप्रेल की विशेष तैयारी की जा रही है।इस मौके पर राजमार्ग के समीप श्री पांडाझिर हनुमान मंदिर करोंदी घाट में स्थित हनुमान मंदिर हरसिद्धि मंदिर परिसर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर टाल मुहल्ला कन्या शाला वार्ड क्रमांक 08 09 श्री राम घाट स्थित हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 11 श्री हनुमान मंदिर तथा उमरपानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ चालीसा पाठ महाआरती प्रसादी वितरण तथा श्रीराम घाट मंदिर परिसर शोभायात्रा निकाली जाएगी।